Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 04-07-2022 अंक 274

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# बरही नगर भवन में लगाया गया पेंशन शिविर, 752 आवेदन जमा हुए

## एक सप्ताह के अंदर होगा निष्पादन : बीडीओ

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पेंशन शिविर में शामिल बरही बीडीओ



शिविर का मुआयना करते प्रमुख उप प्रमुख

झारखण्ड सरकार के निर्देशानुसार बरही टाउन हॉल में पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुमार , बीडीओ सीआर इंदवार, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, भाजपा नेता जितेंद्र गिरी ने किया। मौके पर संबंधित पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य भी मौजूद रहे। शिविर में प्रखंड के सभी पंचायत के लाभुक पहुंचे और अपना पेंशन फ०र्म जमा किए। प्रत्येक आवेदन पर संबंधित पंचायत के मुखिया गोविन्द प्रसाद, मीनू देवी, विजय यादव, मो ताजुद्दीन आदि पहुंचकर आवेदन पर अपना हस्ताक्षर किया। वही पंचायत समिति सदस्यों में आशा देवी, मो तैयब, मो यूसुफ, मो सगीर, बसंती देवी, इलियास अंसारी, मो रमजान, मनोज यादव सहित अन्य कई पंचायत समिति सदस्य भी आए हुए लाभुक के आवेदन पर हस्ताक्षर कर वेरीफाई किया। जिस पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य शिविर नही पहुंचे , उस पंचायत के लाभुक के आवेदन पर प्रमुख एव उप प्रमुख ने वेरीफाई किया। लेकिन कोई भी लाभुक को वापस लौटने नही दिया गया। प्राप्त आवेदन में मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन के 700, स्वामी विवेकानंद पेंशन योजना के 22 एव राज्य विधवा पेंशन के 30 आवेदन शामिल है। मौके पर रमेश ठाकुर, फूलचंद सिंह, सुजीत कुमार, मो तैयब, पप्पू खान, देवधारी प्रजापति, मुकेश सिंह, सहित कई लोग मौजूद थे।

# सहकारिता कार्यक्रम में एक दूसरे को होता है सहयोग : राजेन्द्र प्रसाद

## धनवार में चलाया गया सहकारिता सदस्यता वृद्धि अभियान, कई लोग बने सदस्य

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




सदस्यता प्राप्त करते ग्रामीण

जिला सहकारिता कार्यालय के द्वारा जारी आदेश के आलोक में बीसीओ संजय यादव के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को धनवार पंचायत में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद भी मौजूद रहे। इन्ही के उपस्थिति में कई लोगों ने सदस्य बने और सहकारिता कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। । इस अवसर पर प्रखंड सहका. रिता पदाधिकारी ने बताया कि पंचायतों में लैम्पस-पैक्स में अधिक से अधिक नए सदस्यों को जोड़ने का अभियान सरकार की एक कल्याणकारी योजना है। इसे लेकर प्रखंड में 04 जुलाई से 08 अगस्त तक सदस्यता वृद्धि अभियान चलेगा। पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार द्वारा सदस्यता वृद्धि को लेकर विशेष अभियान चलाए जाने का निदेश प्राप्त है। सदस्यता वृद्धि एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने का भी जिला से निर्देश प्राप्त है। ताकि ज्यादा से ज्यादा कृषक सम्बन्धित पंचायत के पैक्स की सदस्यता ग्रहण कर सके। सदस्यता शुल्क 10 रुपया , एक शेयर 100 रुपया कुल 110 रुपया निर्धारित है। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सहकारिता कार्यक्रम एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसमे एक दूसरे को सहयोग किया जाता है। इसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़नी चाहिए। इस कार्यक्रम के मुख्य रुप से धनवार पंचायत की मुखिया राजेंद्र प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य संतोषी कुमारी, प्रकाश साहू, विकास यादव, किरण देवी, बंटी कुमार,शांति कुमारी आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के तहत सूरजपुरा और पदमा मे भी अभियान चलाया गया।

# बुनियादी विद्यालय पंचमाधव के बच्चों को मिला पोषक, जूता एवं स्वेटर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पोषक, जूता एवम स्वेटर एवं पुस्तक वितरण करते पंचायत प्रतिनिधि

बुनियादी विद्यालय पंचमाधव में कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के अठारह बच्चों को विद्यालय की ओर से पोशाक जूता एवं स्वेटर तथा एक से आठ तक के बच्चों को केवल पुस्तक का वितरण पंचायत के मुखिया नीलम देवी एवं उपमुखिया वार्ड सदस्या के द्वारा किया गया । विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे ने कहा कि यह पोशाक 2021-22 तथा पुस्तक 2022-2023 का है। वितरण विद्यालय प्रांगण में किया गया। यह पोशाक वैसे बच्चों को दिया गया जिनका नामांकन पहले हुआ था आज के इस कार्यक्रम में पंचमाधव पंचयात की मुखिया श्रीमती नीलम देवी उप मुखिया पार्वती देवी, वार्ड सदस्य मनीष ठाकुर, पूनम देवी ,रिंकी कुमारी ,नजमा खातून, देवंती देवी, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, विनोद यादव, सिकंदर प्रजापति . प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे ,प्रबंधन समिति अध्यक्ष नीलम देवी, शिक्षक मनोज कुमार घोष, सरफराज अहमद ,सतीश कुमार यादव ,बिंदिया देवी, संयोजिका सुनीता देवी एवं विद्यालय के सभी बच्चे शामिल हुए।

# एंबीशन एकेडमी के संचालक अजहरउद्दीन वा शिक्षक ने प्रमुख एवं उपप्रमुख को पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




प्रमुख और उपप्रमुख को पुष्पगुच्छ देते हुए

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के मलकोको में संचालित एंबीशन एकेडमी के संच. ालक मो अजहरुद्दीन वा शिक्षक शोएब अख्तर ने बरही प्रखंड के नव निर्वाचित प्रमुख मनोज रजक और उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। वहीं मो अजहरुद्दीन ने दोनो प्रमुख और उपप्रमुख के जीत पर बधाई देते हुए कहा की आप दोनो के अगुवाई में बरही अवश्य विकास की और अग्रसर होगा। मौके पर अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, बरही पूर्वी के पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, रमेश ठाकुर, पंसस प्रतिनिधि जितेंद्र गिरी, सुजीत प्रसाद, मो तैयब अंसारी, समाजसेवी पप्पू खान, अख्तरी खातून, यूसुफ अंसारी एवं मो सलामत मुख्य रूप से मौजूद थे।

# स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि मानते लोग

स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में स्वामी विवेकानंद जी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की सेवानिवृत शिक्षक सह उपाध्यक्ष देवधारी प्रजापति एव संचालन सचिव कृष्णा प्रजापति ने किया। प्रमुख मनोज रजक एव उप प्रमुख देवलाल कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में सर्व प्रथम देवधारी प्रजापति ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। उसके बाद सभी ने बारी बारी से पुष्प अर्पित से श्राद्धजली दी। इस अवसर पर देवधारी प्रजापति ने स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने भारत की महत्ता को विदेश में साबित किया। वे युवाओं के प्रेरणास्रोत रहे। उठो, जागो और तब तक चलते रहो ,जबतक मंजिल नही मिल जाए, का उपदेश आज भी प्रासंगिक है। सभी ने स्वामी जी के उपदेश को आत्म सात करने का संकल्प लिया। मौके पर पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, देवधारी प्रजापति, पप्पू खान, देवलाल कुमार, जितेंद्र गिरी, राजेन्द्र राम, शम्भू माली सहित कई लोग मौजूद थे।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## तालाब में मिला युवक का शव, हत्या व आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

### तालाब में मिला युवक का शव, हत्या व आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस





**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

दैहर स्थित पाती तालाब में अहले सुबह एक युवक का शव तैरता देख ग्रामीणों ने सनसनी फैल गया। मृतक की पहचान दैहर निवासी कैलू उर्फ कैलाश पासवान के रूप में हुवा। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुँची चौपारण पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंतरपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया। इधर घटना के संदर्भ में हत्या या आत्महत्या को लेकर लोगों में संशय बना हुवा है। हालांकि मृतक की पत्नी बिंदु देवी ने चौपारण थाना में लिखित आवेदन देकर गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। आवेदन में पत्नी ने बताया मेरे पति तालाब में डाले गए मछली का देखभाल करते थे । पत्नी ने बताया कि बीते दोपहर फोन करके मेरे पति को गांव के ही निर्मल दाँगी, सकलदेव दाँगी व मुकेश पांडेय ने फोन करके बुलाया। मैं जंगल चली गई और आते समय पति को रात का खाना खाने की बात कहकर घर चली आई। सुबह जब ग्रामीणों ने बताया कि तुमहारे पति का शव तालाब में पड़ा हुवा है । पत्नी ने कहा कि मुझे शक है कि मेरे पति की हत्या किया गया है।

**जांचोपरातो होगा कार्यवाई, दोषी बचेगा नही, निर्दोष फसेगा नही रू थाना प्रभारी**

चौपारण थाना प्रभारी शम्भू नाथ ईश्वर ने कहा कि मामले का जाँच पड़ताल जारी है। हत्या व आत्महत्या अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तक पूछ ताछ शुरू कर दिया गया है। दोषियो को बख्शा नही जाएगा और निर्दोष व्यक्ति को फंसने नही दिया जाएगा।

## धनवार पंचायत सचिवालय में पेंशन योजना के 130 फार्म हुए जमा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

धनवार पंचायत सचिवालय में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने किया। शिविर में मुख्य रुप वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना तथा विभिन्न योजना से संबंधित लोगों को जानकारी दी गई एवं कई लोगों ने फॉर्म जमा किया। मुखिया राजेंद्र



प्रसाद ने बताया कि विधवा पेंशन और वृद्धा पेंशन के कुल आवेदन 130 पेंशन का आवेदन प्राप्त हुआ है।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

## घरेलू विवाद में महिला ने किया विषपान, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर निवासी नीतू सिंह उम्र 22 वर्ष पति कमलेश सिंह ने घरेलू विवाद से पारेशन होकर विषपान कर लिया। जिससे वह गंभीर हो गई, आनन फानन में उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति हुआ घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही चौक पर हुई सड़क दुर्घटना में बीरेंद्र चौधरी बिहार निवासी घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक ड्राइवर है और वह कुछ जरूरी काम से बरही जा रहे थे। वहीं तेज गति से आ रही बाइक ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आस पास के लोगो के सहयोग से उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

APEM LIVE

## डोमचांच के अम्बादाहा खदान में गिरा तीन हाईवा

**अपेम लाइव : डोमचांच**
**सुनिल रजक**



डोमचांच के अम्बादाहा स्थित बंद पड़े पत्थर के गहरे खदानो को इन दिनों बांझेडीह पावर प्लांट के ऐश पांड से फ्लाई ऐश लोड कर हाईवा वाहनों द्वारा भरने का कार्य सुचारू रूप से जारी है। वही रविवार रात्री फ्लाई ऐश लदे तीन हाईवा वाहन अनलोडिंग करते वक्त तकरीबन 40 फिट नीचे गहरे खदान में जा गिरा। जानकारी अनुसार घटना में एक चालक भी घायल हुआ है। समाचार लिखे जाने तक अब तक घटना स्थल पर पुलिस प्रशासन नही दिखे। घटना में कितने लोग घायल हुए और हाईवा वाहन का मालिक कौन है। यह स्पष्ट नही हो पाया है।

## डोमचांच नव निर्माण संघर्ष समिति अप्रत्याशित होल्डिंग टैक्स के खिलाफ देगा एक दिवसीय धरना

**अपेम लाइव : डोमचांच**
**सुनिल रजक**



डोमचांच नव निर्माण संघर्ष समिति द्वारा आगामी 07 जुलाई को डोमचांच में अप्रत्याशित होल्डिंग टैक्स की वृद्धि सहित अन्य भी कई मुद्दो को लेकर एक दिवसीय विशाल धरना कार्यक्रम करने जा रही है। जिसमे भारी संख्या में नगर पंचायत के लोगों का भाग लेने की बात सामने आ रही है। वही धरना कार्यक्रम को पूर्ण रूप सें सफल बनाने एवं लोगों की सहभागिता सुनिश्चत कर संख्या बढ़ाने हेतु डोमचांच नव निर्माण संघर्ष समिति के कार्यकारी पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा नगर पंचायत के वार्डो में लोगों से मिलकर सहयोग माँगा जा रहा है। जिसमे अध्यक्ष त्रिलोचन मेहता अशोक देवेंद्र मेहता उपाध्यक्ष मनोज रजक बसंत मेहता महा सचिव शैलेंद्र प्रसाद सचिव सुनिल सिन्हा सिंह यादव देव नारायण यादव शिव कुमार मेहता संजय कुमार मेहता सहित दर्जनो लोग शामिल रहे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बालू, कोयला, ढिबरा पर रोक के खिलाफ माले ने डीसी के समक्ष निकाला जनाक्रोश मार्च





**अपेम लाइव :गिरिडीह**
**बजरंगी महतो**

अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज भाकपा माले ने गिरिडीह जिले में बिना कोई वैकल्पिक व्यवस्था किए बालू के उठाव पर रोक लगा दिए जाने सहित ढिबरा, कोयला, गिट्टी आदि की ढुलाई पर भी रोक लगा कर हजारों हजार गरीब मजदूरों के समक्ष बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न कर दिए जाने के खिलाफ जोरदार तरीके से जनाक्रोश मार्च निकाला तथा रोजगार की वैकल्पिक व्यवस्था किए बगैर इस तरह की रोक का विरोध कर तत्काल ही कोई वैक. ल्पिक रास्ता निकालने की मांग की। अपने तीन सूत्री ज्ञापन के साथ भाकपा माले सहित अखिल भारतीय किसान महासभा, झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा, इंकलाबी नौजवान सभा, महिला संगठन ऐपवा आदि से जुड़े सैकड़ों महिला-पुरुष झंडा बैनर लेकर स्थानीय सरकार मैदान में इकट्ठा होकर जुलूस निकालते हुए शहर से करीब 5 किमी दूर स्थित परवाटांड़ के पास डीसी अ०फिस कार्यालय के समक्ष पहुंचे तथा वहां गेट के सामने इकट्ठा होकर अपनी बातों को रखा। कार्यक्रम की अगुवाई भाकपा माले के जिला सचिव पूरन महतो ने करते हुए आज के कार्यक्रम से जुड़ी वस्तु स्थिति को लोगों के सामने रखा।अपने संबोधन में पार्टी के बगोदर विधायक विनोद सिंह ने कहा कि, गिरिडीह जैसे जिले में प्रशासन के पास इस बात का कोई जवाब नहीं है कि, बालू के उठाव पर रोक लगा दिए जाने के बाद आखिर आम लोग अपने निर्माण कार्यों या छोटी मोटी सरकारी योजनाओं को पूरा करने के लिए आखिर बालू खरीदेंगे कहां से.? बालू का उठाव कहां से होगा.? श्री सिंह ने कहा कि लेकिन इसी जिले में रेलवे सहित बड़ी निर्माण कंपनियों के लिए बालू उपलब्ध हो रहा है, लेकिन कैसे और कहां से हो रहा है, इस पर प्रशासन की नजर नहीं जाती, सिर्फ आम लोगों के साथ समस्या उत्पन्न हो रही है। कहा कि, कई अन्य प्राकृ तिक संसाधनों पर भी रोक लगा दी गई है जिसकी निर्माण कार्य में जरूरत होती है। गरीबों को ढिबरा चुनने, कोयला की ढुलाई करने आदि पर भी रोक लगा कर एक तरह से उनकी रोजी-रोटी पर ही समस्या उत्पन्न कर दी गई है। प्रशासन तथा सरकार को तत्काल इसकी वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए। इधर, अपने संबोधन में पार्टी के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि, हेमंत सरकार रोजगार देने का वादा करके सत्ता में आई थी, लेकिन अभी तक का कार्यकाल यह बताने के लिए काफी है की उल्टा गरीबों से रोजगार छीनने का काम किया जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि जिले के दसियो हजार परिवार ढिबरा चुन कर अपनी जीविका चलाते हैं, साइकिलों से कोयला ढोते हैं, खदानों और क्रैसरों में काम करके अपनी जीविका चलाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा का बुरा हाल है। काम मशीनों से ली जाती है, रोजगार की कोई व्यवस्था नहीं। ऐसे में पहले से रोजी-रोटी में लगे लोगों का रोजगार छीनना बिल्कुल गलत है। भाकपा माले इसके लिए जिले भर में आंदोलन चलाएगी। कार्यक्रम को पार्टी के वरिष्ठ नेता सीताराम सिंह, राजेश यादव, जयंती चौधरी, राजेश सिन्हा आदि ने भी संबोधित किया तथा एक स्वर में सरकार से गरीबों के रोजगार पर हमला बंद करने की मांग की। बालू के तत्काल उठाव की वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की। ढिबरा, कोयला, गिट्टी आदि के क्षेत्र में लगे मजदूरों का रोजगार सुनिश्चित करने की मांग की तथा चेतावनी दी कि, यदि गरीबों का रोजगार प्रभावित हुआ तो बड़ा आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। जरूरत पड़ी तो जिले में चक्का जाम और जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। बाद में पार्टी विधायक तथा जिला सचिव की अगुवाई में 11 सदस्यों के एक शिष्टमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन पत्र सौंपा। उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल की सारी बातों को सुनने के बाद इस पर सही तरीके से सहानुभूति पूर्वक विचार करने का भरोसा दिया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से उस्मान अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, पवन महतो, कौशल्या दास, प्रीति भास्कर, विजय पांडे, कन्हैया सिंह, सकलदेव यादव, संदीप जयसवाल, किशोरी अग्रवाल, पप्पू खान, मीना दास, राज. कुमार दास, सरिता महतो, असरेश तुरी, ताज हसन, फूल देवी, नौशाद अहमद चांद, नागेश्वर महतो, भोला मंडल, लालमणि यादव, मनोज यादव, रामकिशन यादव, धर्मेंद्र यादव, पवन चौधरी, पिंकी भारती, सरिता देवी, सनातन साव, सोनू रवानी, एकलव्य उजाला, रामलाल मंडल, खीरू दास, रिजवान अंसारी, संजय चौधरी, संतोष राय सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद थे।

## आदर्श मध्य विद्यालय बड़कागांव की भवन जर्जर, 1000 विद्यार्थी हैं अध्ययनरत

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव मध्य पंचायत में संचालित आदर्श मध्य विद्यालय की भवन की स्थिति जर्जर होने के कारण विद्यार्थियों पर छत का प्ला. स्टर टूट टूट कर गिर रहा है जिसके कारण लोगों को चोट लगने की संभावना बनी रहती है। बता दें कि आदर्श मध्य विद्यालय पूरे बड़कागांव प्रखंड में सबसे बड़ा मध्य विद्यालय है। जिसमें विद्यार्थियों की संख्या लगभग एक हजार(1000) है। विद्यालय बड़कागांव हजारीबाग मुख्य मार्ग में स्थित होने के कारण आला अधिकारियों का निरीक्षण हमेशा होते रहता है। इसके बावजूद छत की जर्जर स्थिति को अनदेखा किया जा रहा है। शिक्षकों ने बताया कि जर्जर छत के किनारे हमेशा सतर्कता बरतनी पड़ती है, सीलिंग टूट कर शिक्षाक एवं विद्यार्थियों को चोट लगने की संभावना बनी रहती है। शिक्षा विभाग को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ।

## लोकलाल महतो की पुण्यतिथि पर छात्र-छात्राओं के बीच पठन-पाठन सामग्री वितरित

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



श्रद्धांजलि सभा में विद्यार्थियों को सम्मानित करते चन्द्रनाथ भाई पटेल समेत अन्य

प्रखंड के चानो में सोमवार को भाजपा वरिष्ठ नेता सह अधिवक्ता चन्द्रनाथ भाई पटेल के पिता स्व. लोकलाल महतो की छठी पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर परिजनों समेत कई गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत लगभग 300 छात्र-छात्राओं के बीच क०पी-किताब समेत कई पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। इसके अलावा मैट्रिक परीक्षा में चानो उउवि के स्कूल ट०पर रहे आदिवासी छात्र पवन सोरेन समेत गांव के एक अन्य छात्रा प्रीति कुमारी को छात्र जीवन तक प्रतिमाह 500 रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बच्चे आने वाले दिनों के भविष्य हैं। इन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्रोत्साहन से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। मौके पर प्रोफेसर ड०. नीलम कुमारी, मुखिया उत्तम महतो, परमेश्वर महतो, डुमरचंद महतो, संजय पटेल, गफूर अंसारी, टीपूलाल महतो, भीम महतो, गीता देवी, यशोदा देवी, उर्मिला पटेल, आशा देवी, श्यामकिशोर महतो, राजेश टूडू समेत कई लोग मौजूद थे।









सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## पतंजलि परिवार गिरिडीह की मासिक बैठक हुई

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



पुराना जेल मंदिर प्रांगण में पतंजलि परिवार गिरिडीह की मासिक बैठक राज्य कार्यकारिणी सदस्य आदरणीय चंद्रहास जी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वप्रथम पिछले बैठकों की संपुष्टि की गई। साथ ही 21 जून योग दिवस की समीक्षा की गई और पाया गया कि परिवार के सदस्यों व मीडिया बन्धुओं के सहयोग से 21 जून का कार्यक्रम सफल रहा इसके लिए समिति की तरफ से सभी को साधुवाद दिया गया ।आगे 4 अगस्त जड़ी-बूटी दिवस और 13 जुलाई को गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम को मनाने हेतु रूपरेखा तैयार की गई। इसके लिए तय किया गया कि गुरु पूर्णिमा पर रेड क्र०स भवन में एक वृहद रूप से कार्यक्रम का आयोजन की जाएगी जिसमें हवन पूजन के साथ-साथ गीत संगीत आदि का दौर चलेगा साथ ही अल्पाहार का व्यवस्था भी रहेगी 4 अगस्त से शुरू होने वाला जड़ी बूटी दिवस को सप्ताह भर मनाने का निर्णय लिया गया सभी अपने अपने घर तथा अपने पड़ोस आदि में वृक्षारोपण करेंगे ,औषधीय पौधों का साथ ही वितरण भी करेंगे ।इंस्टिट्यूट स्कूल कॉलेज में जाकर इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम करेंगे ताकि अधिक से अधिक जड़ी बूटी का ज्ञान लोगों को हो सके और इसका इस्तेमाल करके स्वास्थ्य हो। नियमित योग कक्षा मैं उपस्थिति को बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई तथा पाया गया कि प्रचार प्रसार सही ढंग से नहीं हो पाने के कारण लोगों की उपस्थिति मैं कमी देखी जा रही है इसके लिए फ्लेक्स बनाकर शहर के मुख्य मुख्य जगहों पर लगाने का कार्य किया जाएगा, साथ ही नए कक्षा का संचालन करने पर भी बल दिया गया ।जिला कार्यकारिणी सदस्य ब्रज किशोर गुप्ता जी द्वारा नए क्लास प्रारंभ करने का विचार आया। साथ ही सक्रिय कार्यकर्ता सपना राय ने दुर्गा माता विद्यालय में नियमित योग कक्षा प्रारंभ करने की बात कही। कार्यक्रम में भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी नवीन कांत सिंह युवा प्रभारी रणधीर गुप्ता राज्य कार्यकारिणी सदस्य चंद्रहास जी मीडिया प्रभारी पुष्पा शक्ति जिला कार्यकारिणी सदस्य ब्रजकिशोर गुप्ता सपना राय लक्ष्मी छाया अजय पाठक आदि लोग उपस्थित थे।

## विद्यालय से मोटर की चोरी, पानी की घोर किल्लत






**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह ज़िला के गिरिडीह प्रखंड अन्तर्गत पचंबा थाना क्षेत्र स्थित महात्मा गांधी मध्य विद्यालय पचंबा में मोटर चोरी का मामला सामने आया है। मामले की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक तेजनारायण महथा ने बताया कि प्रत्येक कार्यदिवस की भांति शनिवार को भी विद्यालय बंद कर दिया गया, रविवर को विद्यालय बंद था। सोमवार को सुबह स्कूल निर्धारीत समय पर खोला गया। मध्यान भोजन तैयार करने वाली रसोइया पानी के लिए जब मोटर स्टार्ट करने गई तो उसने देखा कि मोटर अपने स्थान से गायब है। रसोइया दौड़ी दौड़ी मेरे कार्यालय में आई और मुझे सुचना दी मैंने जाकर देखा तो पाया कि मोटर के साथ साथ कई खेल सामग्री और वाद्य यंत्र भी गायब है और कमरे का एक दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और सारे सामान इधर उधर बिखरे पड़े हुए थे। पचंबा थाना प्रभारी को चोरी से संबंधित अज्ञात के खिलाफ़ आवेदन दिया गया है जिसमे स्पष्ट किया हूं कि उचित्त जांच पड़ताल कर उचित कार्यवाई करने के लिए।

## गिरिडीह उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह, 04 जुलाई 2022 को उपायुक्त, गिरिडीह की अध्यक्षता में भू-अर्जन/राजस्व के अंतर्गत हजारीबाग रोड ( सरिया ) केशवारी स्टेशन के बीच ( आरओबी ) पहुँच पथ सहित निर्माण कार्य परियोजना से संबंधित सम्पन्न समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई 1. मौजा - बड़की सरिया , अंचल - सरिया में आरओबी निर्माण हेतु सरकारी भूमि पर अवस्थित 233 संरचनाओं के 206 प्रभावित व्याक्तियों के मुआवजा भुगतान पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान उपायुक्त, गिरिडीह के द्वारा विचारोपरान्त सरकारी भूमि पर अवस्थित संरचनाओं के प्रभावित व्यक्तियों को राशि भुगतान हेतु डीएफसीसीआईएल से नी. तिगत प्रस्ताव की मांग किये जाने का निर्णय लिया गयाP 2. माननीय मंत्री श्री जग्रनाथ महतो एवं माननीय विधायक , बगोदर विधानसभा क्षेत्र , गाण्डेय विधानसभा क्षेत्र तथा गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के द्वारा डीएफसीसीआईएल के स्तर से रेलवे लाईन के किनारे फेंसिंग किये जाने पर आपत्ति प्रकट की गयी। उपायुक्त , गिरिडीह के द्वारा निदेश दिया गया कि फेंसिंग करने के पूर्व समुचित जाँचोपरान्त वैक. ल्पिक व्यवस्था कर फेंसिंग का कार्य किया जाय। 3. डुमरी अंचल के मौजा - मधवाडीह , रामनगर , कोरियाडीह के मुआवजा भुगतान तथा सरकारी भूमि के हस्तांतरण हेतु संबंधित पदाधिकारियों को अपेक्षित कार्रवाई हेतु उपायुक्त , गिरिडीह द्वारा निदेश दिया गया ।बैठक में मुख्य रूप से माननीय मंत्री, शिक्षा व साक्षरता मद्य निषेध विभाग, झारखंड सरकार, माननीय विधायक गिरिडीह, माननीय विधायक बगोदर, माननीय विधायक गांडेय, उपायुक्त, माननीय सांसद प्रतिनिधि, माननीय विधायक प्रतिनिधि, अपर समाहर्ता, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, गिरिडीह कोडरमा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## कल से ग्राम यात्रा की शुरुआत ।बिरनी के पेंशम से यात्रा शुरू

### बिहार के अगिआँव विधान सभा के आंदोलनकारी विधायक मनोज मंजिल रहेंगे शामिल

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



10-11 सितंबर को झारखंड के पलामू डाल्टेनगंज में होने वाले इंकलाबी नौजवान सभा के 7वें राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अभियान की शुरुआत होनी है. इंकलाबी नौजवान सभा के राज्य कमिटी सदस्य विक्रम आनंद र०य ने बताया की झारखण्ड में इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार के अगिआँव विधान सभा के आंदोलनकारी विधायक मनोज मंजिल 5 जुलाई से झारखण्ड में गिरिडीह के बिरनी प्रखंड अंतर्गत पेशम गांव से देश में वर्तमान हालत खेती किसानी, महिला शसक्तीकरण, चरम. राई शिक्षा व्यवस्था, बढ्ती बेरोजगारी, देश की सुरक्षा व्यवस्था एवं संविधान पर हो रहे हमले के खिलाफ किसानों, महिलाओं, छात्र नौजवानों को एकजुट करने को लेकर ग्राम यात्रा की शुरुआत करेंगे.

## कपिला पंचायत के सचिवालय में मनाया गया 75 आजादी अमृत महोत्सव

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




आजादी के 75वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर पूरा देश में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है इसी के तहत आईकोनिक वीक मनाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, बिरनी के आदेशानुसार आज दिनाँक 04/07/2022 को पंचायत सचिवालय कपिलो में माननीय मुखिया मुकेश यादव के अध्यक्षता में बैठक कर सतत विकास, बाल सुलभ पंचायत और लैंगिक समावेशी विकास के बारे में चर्चा परिचर्चा कर जनहित में कार्य करने के लिए निर्णय लिया गया और उत्कर्मित उच्च विद्यालय कपिलो के बच्चों के द्वारा साईकल रैली निकाला गया और शिक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया गया, विदित हो कि यह ग्राम पंचायत कपिलो राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित ग्राम पंचायत रहा है और विकास के लिए चर्चित व शशक्त ग्राम पंचायत है । इस मौके पर कपिलो पंचायत के लोकप्रिय मुखिया मुकेश यादव, पंचायत सचिव पुरण मांझी, ग्राम रोजगार सेवक अर्जुन रविदास, सम्मानित वार्ड सदस्य गण, सेविका गण, जलसहिया गण, स्वंय सेवक गण, आदरणीय शिक्षक गण, समाजसेवी गण सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे

## गिरिडीह उपायुक्त ने किया विद्यालय का निरीक्षण

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



रविवार 03जुलाई 2022को गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने अनुसूचित विद्यालय खरगडीहा, जमुआ तथा परतापपुर जमुआ में भी विद्यालय का निरिक्षण किया तथा विद्यालयों का जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है का भी निरीक्षण किए। निरीक्षण के उपरांत सभी कार्यो को संतोषप्रद पाया गया। उपायुक्त महोदय ने छात्रों से मुलाकात कर उनके पढ़ाई के बारे मे जानकारी ली। छात्रों द्वारा दिए गए जवाब से उपायुक्त काफी प्रभावित हुए तथा सभी विद्यार्थियों को इसी तरह मेहनत से पढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 04-07-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## प्रखंड मुख्यालय परिसर के भवन में प्रमुख व उप प्रमुख का कार्यालय का किया उद्धघाटन





**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय के भवन में बिरनी प्रमुख व उप प्रमुख का कार्यालय का उदघाटन सोमवार को फीता काटकर किया। जिसमें बताया कि बिरनी प्रमुख और उप प्रमुख का कार्यालय अलग अलग उद्धघाटन किया। जिसमें प्रमुख कार्यालय का उदघाटन बिरनी के पूर्व थाना प्रभारी शमरनन्द सिंह और उप प्रमुख के कार्यालय जिला परिषद सदस्य सरिता देवी ने फीता काटकर उद्धघाटन किया। जिसमें बिरनी प्रमुख रामु बैठा ने कहा कि मैं बिरनी का प्रमुख बनाने के बाद सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को प्रमुख उप प्रमुख व उप प्रमुख कार्यकाल के उदघाटन किया गया। साथ मे ये कहा कि पूरे बिरनी के जनता का दिनरात सेवा करूँगा। साथ मे किसी भी प्रकार का कोई समस्या किसी जनता के साथ होता है तो सीधा प्रमुख और उप प्रमुख का से संपर्क करें। अवश्य उस चीज को दुरूस्त करूँगा, औऱ साथ मे मैं पूरे बिरनी के जनता को धन्यवाद देता हूं।वही उप प्रमुख शेखर शरण दास ने कहा कि मै उपप्रमुख होने के नाते बिरनी के सम्मानित जनता को भरोसा दिलाता हुं कि जिस आकांक्षा के साथ आपने मतदान किया है आपके आकांक्षा पर खरा उतरेंगे और आपका का बुलंद आवाज बनकर संघर्ष करूंगा। जिसमें उपस्थित रहे बिरनी के पूर्व थाना प्रभारी शर्मनन्द सिंह, बिरनी बीडीओ सुनील कुमार,पश्चिम के जिला परिषद सरिता देवी, प्रमुख रामु बैठा, उप प्रमुख शेखर शरण दास,जिला परिषद प्रतिनिधि सीताराम पासवान, इजरायल अन्सारी, राजेश विश्कर्मा, बासुदेव वर्मा,सेवानिवृत्त शिक्षक भैरव शरण दास शंकर प्रसाद वर्मा, समाजसेवी मोहम्मद उमानुल अन्सारी आदि उपस्थित रहे।

## जमरी गांव के जलमीनार हाथी का दांत हो रहा है साबित

### जलमीनार के निर्माण में गुणवत्ता की हल्की हवा ने खोली पोल

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी :– झारखण्ड सरकार आम आवाम के लिए पानी की ब्यवस्था करने के लिए भले ही लाखो करोड़ो खर्च कर रही है,लेकिन खर्च भी कहीं न कहीं बेकार चलता जा रहा है।ऐसा ही मामला कान्हाचट्टी प्रखण्ड के जमरी बक्सपुरा पंचायत के जमरी गांव में बने जलमीनार पर सरकार लाखो रुपये खर्च की है लेकिन वह सरकार की राशि रुपया बेकार साबित हो रहा है।जमरी में बनाए गए जलमीनार की गुणवत्ता की पोल तब खुली जब आज से पंद्रह दिन पूर्व हल्की हवा और बारिश से जलमीनार का ऊपरी हिस्सा अर्थात सोलर का स्टैंड सीमेंट सहित नीचे गिर गया।और आज जमरी के लोग नदी से पानी पीने को विवश हैं।ग्रामीण ने कहा कि जमरी में बना जलमीनार जब से बना है तभी से पानी सभी ग्रामीणों के घरों तक नहीं जा रही है।ग्रामीण सन्तोष कुमार ने कहा कि यह जलमीनार केवल हांथी की दाँत ही साबित हो रहा है।चुकी जब ग्रामीणों को पानी ही नहीं मिल रहा है।जलमीनार रहते में लोग प्यासे रह रहे है।आखिर क्यों नही लोग प्यासे रहेंगे चुकी जब जलमीनार ही प्यासा है तो लोगो के प्यास को जलमीनार कहाँ से बुझाएगी।ग्रामीणों ने कहा कि कई बार पी एच डी विभाग को इसकी जानकारी दी गई लेकिन विभाग इस पर मौन है। इधर जमरी पंचायत के मुखिया आफताब हुसैन ने कहा कि पी एच डी विभाग यदि एक सप्ताह के अंदर नहीं बनाया और लोगो को पानी नहीं मिला तो विभाग के खिलाफ उपायुक्त को लिखेंगे। इधर पी एच डी विभाग के कनीय अभियंता राकेश पाल ने कहा कि जल्द ही जलमीनार से ग्रामीणों को पानी मिलेगा।

## पैक्स में सदस्यों को जोड़ने का अभियान शुरू

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



पैक्स अध्यक्ष सत्यनारायण महतो

प्रखंड में संचालित पैक्सों में अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने का अभियान सोमवार से शुरू कर दिया गया है। यह अभियान आगामी 3 अगस्त तक चलेगा। पंचायत के पैक्स अध्यक्ष समेत कार्यकारिणी सदस्य इसे लेकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। बंदखारो पैक्स के अध्यक्ष सत्यनारायण महतो ने बताया कि अभियान के तहत प्रत्येक पैक्स के दो तरह के सदस्य बनाये जाएंगे। एक सामान्य सदस्य की श्रेणी होगी, जिसके लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ 10 रुपये का शुल्क देय होगा। वहीं, शेयरधारक सदस्य बनने के लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ 110 रुपये अदा करना होगा। पैक्स का सदस्य बनने के बाद कृषि एवं सहकारिता विभाग द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं का लाभ सदस्यों को मिलेगा। उन्होंने लोगों से बढ़-चढ़कर पैक्स का सदस्य बनने की अपील की है।

## पेड़-पौधों का रक्षाबंधन कर जंगल की सुरक्षा का संकल्प

### 9 अगस्त को बकसपुरा जंगल में होगा रक्षाबंधन कार्यक्रम

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



वन सुरक्षा समिति की बैठक में शामिल ग्रामीण

प्रखंड के बकसपुरा में सोमवार को गांव के जंगल की सुरक्षा एवं संवर्धन को लेकर वन सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता राजू महतो व संचालन कुलदीप महतो ने किया। इसमें जंगल की अवैध कटाई से सुरक्षा को लेकर 9 जुलाई को सामूहिक रूप से वन रक्षाबंधन करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावे जंगल के संवर्धन एवं विस्तार से संबंधित कई तरह के प्रस्ताव लिए गए। बैठक में उपस्थित समाजसेवी एवं विष्णुगढ़ वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष दशरथ राय ने कहा कि जंगल के पेड़ों का रक्षाबंधन कर इसे बचाने की पहल सराहनीय है। रक्षासूत्र बांधने से पेड़ों से आत्मीय लगाव बन जाता है। जंगल की रक्षा करना अपने जीवन की रक्षा के समान है। वन एवं इसके वनोपज से आम लोगों को कई तरह के लाभ हैं। इसकी रक्षा करना सबों का परम कर्तव्य है। वनरक्षी उदय केसरी ने कहा कि विभाग ने गांव के जंगल की रक्षा के लिए गांव के लोगों को भी जोड़ा है। कमेटी बनाकर जंगल की रक्षा करें और इसका लाभ लें। मनमाने तरीके से जंगल बर्बाद करेंगे तो कानूनी सजा के भागीदार होंगे। कमेटी अध्यक्ष ने सभी को धूमधाम से रक्षाबंधन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## राजपुर थाना में शांति समिति की हुई बैठक

### बैठक में दोनो समुदाय के दजनो लोग शामिल हुए

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : बकरीद पर्व को लेकर सोमवार को राजपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने किया।एवं संचालन पत्रकार प्रमोद कुमार सिंह ने किया।बैठक में उपस्थित दोनो समुदायों के दजनो लोगो ने अपने अपने क्षेत्र की समस्या से सम्बंधित बात को बैठक में रखा गया।बैठक में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए बी डी ओ हुलास महतो ने कहा कि बकरीद का पर्व शांति व सौहार्द से मनाएं।सरकार का जो गाइड लाइन है उसके अनुसार ही पर्व मनाएँ।उन्होंने कहा कि जिस भी समुदाय का पर्व हो तो उसे ऐसे मनाएँ।कुछ ऐसा भी न करें कि दूसरे समुदाय को ठेस पहुंचे।पर्व मनाएँ जिससे दोनो समुदायों को खुशी हो।वहीं थाना प्रभारी विकास पासवान ने कहा कि यदि कोई भी शोशल मीडिया पर कुछ अनाप शनाप पोस्ट करेंगे तो वैसे लोगो पर कार्रवाई की जाएगी।शोशल मीडिया के माध्यम से वैसे पोस्ट न करेंगे जिससे किसी समुदाय विशेष को तकलीफ हो।श्री पासवान ने कहा कि पर्व त्योहार पर किसी को हुड़दंग करने की कानून छूट नहीं देगी।जो भी पर्व में खलल डालेंगे उन्हें पुलिस सलाखों के पीछे भेजेगी।कार्यक्रम को सातवी जे पी एस सी में सफल कैशर रजा,पत्रकार शंकर सिंह,मुखिया राजेन्द्र राम,आफताब हुसैन,विकास कुमार उर्फ छोटू सिंह,बद्री दाँगी,घनश्याम पांसी,अंचला कुमारी, जयनंदन भुइयाँ,मो.मोहसिन, एस आई विकास यादव,शिव प्रसाद साह,विजय सिंह,सोनू खान,मो.शेरशाह, सहित सैकड़ों लोगो ने सम्बोधित किया।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार